तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 28 जून 2025


4 भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का आपातकाल दिवस पर...




4 बिरकोनी में मनाया माता पहुंचनी का पर्व





## खबर संक्षेप



### भक्तों को दर्शन देने निकले स्वामी जगन्नाथ

**नर्रा।** खरियार रोड नगर एवं ग्राम नर्रा में रथयात्रा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान जगन्नाथ, स्वामी बडे भाई बलभद्र व बहन सुभद्र रथ पर सवार होकर बाजे गाजे के साथ भक्तों को दर्शन देने निकले। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर गंजा मूंग नारियल का प्रसाद ग्रहण किया गया।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यशवंत यादव पिता घनाराम यादव (20 साल) निवासी दलदली रोड नयापारा के कब्जे से 24 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1920 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम ग्राम छुईपाली में दो लोगों के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने छुईपाली जाने का मार्ग ग्राम छुईपाली आरोपी राजू बढाई पिता गाडाराय बढ़ाई (22 साल) निवासी वार्ड नंबर 14 सिंघनपुर एवं पदमन प्रधान पिता स्व वेणुधर प्रधान (35 साल) निवासी मोहका के संयुक्त कब्जे से महुआ शराब कुल 15 लीटर कीमत 3000 रुपए, एक पुरानी बाइक कीमत 40,000 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### बस की टक्कर से सायकल सवार घायल

**महासमुंद।** नगर में बीएसएनएल ऑफिस के पास एक सायकल सवार को बस ने टक्कर मार दी। मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस प्रार्थिया कुंती साहू ने बताया कि 25 जून की सुबह 10.30 बजे उसकरे पति जनेंद्र कुमार साहू अपनी सायकल से नगर पालिका ऑफिस महासमुंद काम से आये थे। काम कराने के बाद लगभग 11 बजे वे घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान बीएसएनएल ऑफिस के सामने बरोंडा चौंक से कांग्रेस चौक की ओर रही सूर्यपुत्र बस क्रमांक सीजी 09 एफ 0134 के चालक ने अपने वाहन को तेजी से खतरनाक एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर जनेंद्र कुमार साहू के सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में जनेंद्र साहू के कमर में चोट लगी। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धार 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।




## जर्जर सड़क में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे झारा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शाउमावि मार्ग जर्जर, स्कूल में विषय शिक्षक और स्कूल सफाई कर्मचारी की भी समस्या, विद्यार्थी परेशान

ग्राम पंचायत झारा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंच मार्ग जर्जर होने और बारिश का पानी गड्ढे में भर जाने से छात्रों को भारी परेशानी हो रही है। शाला विकास समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अनेक बार शासन ध्यानाकर्षण कराने के बाद भी स्थिति अब तक नहीं सुधरी।

शाउमावि झारा के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर नेताम एवं विश्वनाथ गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत झारा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है। जहां की छात्रों की दर्ज संख्या 262 है। उक्त स्कूल चितमखार मार्ग में स्थित है, जो कि झारा के मुख्य मार्ग से लगभग 1 किमी दूर है। उक्त स्कूल पहुंच मार्ग कच्चा होने के कारण जगह-जगह गड्ढा हो गया है। जिसके कारण बारिश का पानी भर जाने एवं कीचड़ होने से बच्चों को शाला आने-जाने में अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि शाला विकास समिति एवं ग्राम पंचायत द्वारा इस ओर शासन का कई बार ध्यानाकर्षण कराया गया है। किन्तु, आजपर्यंत तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया है।



उन्होंने बताया कि स्कूल में वर्तमान में भूगोल, हिंदी, जीवविज्ञान आदि के शिक्षक पदस्थ नहीं है और ना ही भृत्य, स्वीपर तथा लिपिक भी कार्यरत नहीं है। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों एवं अध्ययनरत बच्चों को ही स्कूल के साफ-सफाई करने में मजबूर होना पड़ रहा है। शाला के समीप बिजली सब स्टेशन स्थापित है। किंतु, उक्त शाला को बावनकेरा सब स्टेशन से विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया है। जिसके कारण आए दिन बिजली बंद एवं लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इससे बच्चों का अध्यापन कार्य प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि इन सभी समस्याओं का समाधान अतिशीघ्र नहीं किया जाता है तो शाला प्रबंधन समिति, विद्यार्थी एवं उनके पालकों द्वारा उक्त समस्याओं का निराकरण के लिएउस आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## पर्व : रथयात्रा पर उमड़ा जनसैलाब, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# भक्तों को दर्शन देने निकले जगत के नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कीर्तन और डीजे की धुन पर थिरकते रहे श्रद्धालुजन

शहर में रथ यात्रा का पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। भगवान जगन्नाथ रथ में सवार होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देने निकले इस दौरान भगवान के कीर्तन और डीजे की धुन पर झूमते श्रध्दालुओं ने रथ का जगह-जगह भव्य स्वागत किया। शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए रथ वापस गुंडिचा मंदिर के लिए रवाना हुए।

बता दें कि रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा श्रीराम मंदिर से निकले और नगर भ्रमण किया। यह यात्रा 27 जून से शुरू होकर 8 जुलाई तक चलेगी। 12 दिनों तक चलने वाली इस भव्य यात्रा में शहर के मुख्यमार्ग से होते हुए रथयात्रा गुंडिचा मंदिर तक पहुंची। रथयात्रा के दौरान छेरा पहरा की भी रस्म अदा की गई। उत्साह और उमंग के साथ श्रद्धालु यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वहीं, रथ यात्रा में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया। ओड़िशा प्रांत का नजदीकी जिला होने के कारण रथयात्रा इस जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। बता दें कि काफी संख्या में उत्कल भाषी लोग यहा निवास करते है और तकरीबन सभी गांव शहर में रथयात्रा मनाया जाता है। आज के दिन भी स्कूल खुले रहे और शासकीय कामकाज जारी रहा। स्थानीय स्तर पर रथयात्रा के अवकाश की मांग उठ रही है।





### बम्हनी में भी निकली रथयात्रा

समीपस्थ ग्राम बम्हनी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ग्राम के बम्हनेश्वर नाथ मंदिर में निकाली गई। रथ को भगवान के जयकारों के साथ पूरे गांव में घुमाया गया। जहां भक्तों ने दर्शन किए। ग्रामीण कमलेश साहू ने बताया कि इस दिन भगवान जगन्नाथ का दर्शन से शुभफल मिलता है। मान्यता है कि रथयात्रा में शामिल होने से भविष्य में आने वाली कठिनाई से मुक्ति मिलती है। रथयात्रा के लिए बम्हनेश्वर नाथ मंदिर में सुबह भगवान को स्नान कराकर श्रृंगार से सजा कर दोपहर रथ में विराजित कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। रथयात्रा गांव के चौक स्थल से होकर गुजरे।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पुलिस द्वारा किए गए थे। जगह जगह ट्रैफिक पुलिस और सिटी कोतवाली के जवानों द्वारा सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। रथ यात्रा को देखते हुए ट्रैफिक को डायवर्ट भी पुलिस द्वारा किया गया था।

### काढ़ा प्रसादी पाने मंदिर में लगी भीड़

नगर स्थित श्री राम जानकी मंदिर में विराजित जगन्नाथ भगवान के मंदिर में दर्शन करने सुबह से लोगों भीड़ दिखाई दिया। जहां लोग अपने घर से लाये गजामूंग प्रसाद का चढ़ावा एवं श्रीफल का चढ़ावा भी किये इसके बाद वहां के पुजारी ने भगवान को पिलाए गए काढ़ा प्रसादी का वितरण शुरु किया जिसके बाद प्रसाद लेने लोगों की भीड़ मंदिर परिसर में बढ़ती गई।

## अवैध रेत परिवहन पर हुई कार्रवाई

# कर्राडीह बना अब रेत माफियाओं का नया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अवैध उत्खनन कर रेत ले जा रहे 02 हाइवा वाहन जप्त

सिरपुर क्षेत्र के ग्राम बोरिद के आश्रित ग्राम कर्राडीह घाट से रेत का अवैध परिवहन करते हुए खनिज विभाग की टीम ने दो हाइवा जब्त की। बता दें कि रात में हुई कार्रवाई में विभाग ने दो ट्रकों को पकड़ा। लेकिन, इसके बावजूद कर्राडीह रेत घाट में दिन दहाड़े हो रहे उत्खनन की फोटो वायरल हो गई। बारिश के मौसम में मुनाफाखोरी के लिए अवैध उत्खननकर्ताओं द्वारा चोरी छिपे घाटों में मशीन के माध्यम से खनन कराया जा रहा है। जिसपर रोक लगाने की आवश्यकता है। अवैध खनन होने की जानकारी होने के बाद विभाग द्वारा कर्राडीह रेत घाट के रेम को तोड़ा नही गया।

इधर, प्रशासन द्वारा लगातार दावे किए जा रहे हैं कि रेत उत्खनन को लेकर विभाग सख्त है और कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के क्रम में 26 जून को संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिरपुर में रेत का अवैध परिवहन करते हुए 02 हाइवा वाहन को जप्त किया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा।



## दंतैल हाथी की मौजूदगी, वन विभाग ने 12 गांवों को अलर्ट रहने की दी हिदायत

**महासमुंद।** जिले में बरसात शुरु होने के बाद एक बार फिर हाथियों का आगमन हो चुका है। दरसल बारिश से जिले के जंगलों में हाथियों के चारे की कोई कमी नहीं होती है एवं नदी में पानी उपलब्ध हो जाता है। जिसके वजह से हाथियों का झुंड अक्सर गर्मी के बाद जिले के जंगलो का रुख करते है जिससे लोगो को दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। लोगों को ज्यादा दिक्कत अभी फसलों को लेकर होती है। लोग खेतो में काम नहीं कर पाते जिससे किसानी प्रभावित होती है। विभाग से मिली जानकारी के अनुशार वन मंडल के वन परिक्षेत्र में एक दतैल (अकेला नर) हाथी की मौजूदगी दर्ज की गई है। यह हाथी वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 46 व 54 से होते हुए तालाझर क्षेत्र के खेतों से गुजरकर कक्ष क्रमांक 155 व 156 के जंगल में पहुंच गया है। वन विभाग ने हाथी की गतिविधियों पर नजर रखते हुए संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। हाथी की उपस्थिति के कारण आसपास के 12 गांवों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। वर्तमान स्थिति और संभावित मूवमेंट कक्ष क्रमांक 155 और 156 (वन विकास निगम का जंगल क्षेत्र) कक्ष क्रमांक 158, 159, 126, 127, 54 और 46 की ओर बढ़ने की संभावना जताई गई है। वन अधिकारियों ने बताया कि यह दतैल हाथी एक अकेला नर है जो अक्सर खेती-किसानी वाले क्षेत्रों की ओर आ जाता है। ऐसे में सावधानी बरतना जरूरी है। वन विभाग की टीमें इलाके में गश्त कर रही हैं और हाथी की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उम्मीद की जा रही है कि हाथी जल्द ही जंगल की ओर लौट जाएगा, लेकिन तब तक सतर्कता बेहद जरूरी है।



### गांवों में हाई अलर्ट जारी

वन विभाग ने गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है जिसमें तालाझर, केशलडीह, सुकुलबाय, नांदबारूद, खिरशाली, बंदोरा, दलदली, रायमुडा, झाखरमुडा, अचानकपुर और फुसेराडीह शामिल हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे जंगलों की ओर न जाएं और किसी भी हाथी की गतिविधि देखने पर तुरंत वन विभाग या हाथी मित्र दल को सूचित करें।


### वन विभाग की अपील

डेहराराम यादव चौकीदार, वन विकास निगम अनुज कुमार सदस्य, हाथी मित्र दल महासमुंद ने जानकारी देते हुए लोगों से आग्रह किया है कि कोई भी व्यक्ति अकेले या समूह में जंगल की ओर न जाए। हाथी दिखने पर पास के वन कर्मचारी या हाथी मित्र को सूचित करें। विभाग की ओर से पूरी निगरानी की जा रही है।

## तेज रफ्तार बाइक चलती ट्रक के पीछे जा घुसी बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगे एनएच हाइवे पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा घटना सामने आया है जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। बाते दे कि नेशनल हाइवे 53 पर गुरुवार रात एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना तुमगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरे पंजाब होटल के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार स्पोर्ट बाइक चलती ट्रक के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक और ट्रक दोनों घोड़ारी से तुमगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित बाइक ट्रक से भिड़ गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में जुटी हुई है।



### आंरग के रहने वाले थे दोनों युवक

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 10 बजे तुमगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 53 पर शेरे पंजाब ढाबा के पास दो दोस्तों की बाइक गाय को बचाने के चक्कर में चलती ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में आरंग के पटेल चौक निवासी अनुराग पटेल पिता स्व.विजय पटेल (19 साल) और शीतला पारा निवासी युगल निषाद पिता नंदू निषाद (20 साल) की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ड्राइवर ट्रक को लेकर घटनास्थल से फरार हो गया।

### पुलिस जांच में जुटी

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अब ट्रक चालक की तलाश कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। इस घटना से क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एक आरोपी गिरफ्तार, एक हुआ फरार, जिले की पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# ट्रक और बाइक से 81.57 लाख रुपए का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक और बाइक से 81.57 लाख का करीबन 410 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी फरार हो गया है। घटना को लेकर सिंघोड़ा और खल्लारी थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि 26 जून को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति एक गेरूए कलर के टाटा कंटेनर ट्रक क्रमांक एचआर 55 डब्लू 4389 में अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने एनएच 53 रोड ग्राम सिल्की ढाबा के सामने जाकर नाकाबंदी किया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये हुलिए का एक गेरूआ कलर का टाटा कंटेनर ट्रक आया, जिसके चालक ने पुलिस को देखकर अपने वाहन को तेज गति चलाने लगा। जिसे हमराह स्टाफ के द्वारा दौड़ाकर पकडा गया।

उक्त व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम चुनबाद आर ओझा पिता रामसनेही ओझा (50 साल) प्लाट नंबर 174 पांडे नगर दिंदोली थाना दिंदोली जिला सूरत गुजरात हाल साकिन तुर्रा थाना बदौसा जिला बांदा उत्तरप्रदेश का निवासी होना बताया तथा भागने का कारण पूछने पर वाहन में गांजा होना बताया। इसके बाद ट्रक की तलाशी ली गई, कंटेनर के केबिन अंदर बने विशेष चैंबर में 16 नग प्लास्टिक बोरियो में कुल 400 किलोग्राम अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा कीमत 80 लाख रुपए को बरामद किया गया। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से ट्रक, मोबाइल भी जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा को बालीगुंडा ओडिशा से इंदौर मध्यप्रदेश ले जाना बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### खल्लारी पुलिस ने बाइक से जब्त किया गांजा

गांजा जब्ती के दूसरे मामले में खल्लारी पुलिस ने एक स्कूटी से करीबन 10 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भूरे रंग का टीवीएस जुपिटर (स्कूटी) क्रमांक सीजी 04 क्यूसी 4491 में अवैध रुप से गांजा रखकर बिक्री के लिए बागबाहरा की ओर से खल्लारी की ओर आ रहा है। इसके बाद आरोपी पुलिस की नाकाबंदी को देखकर अपनी स्कूटी को वापस मोड़कर बागबाहरा की ओर भागने लगा, जिसका पीछा करने पर बाबूराम होटल ग्राम बीकेबाहरा के पास संदेही अपनी स्कूटी एवं उसमें रखे सामान को रोड किनारे छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। जिसका पीछा किया गया,लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद वापस घटनास्थल आकर पुलिस ने वाहन की तलाशी देकर पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने स्कूटी से 10 पैकेट खाकी रंग के प्लास्टिक टेप से पैक किया हुआ मादक पदार्थ जैसा गांजा करीबन 10 किलो कीमत 157000 रुपए बरामद किया। मामले में फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है

## बुक स्कैनिंग कार्य में लापरवाही संकुल समन्वयक नंद निलंबित

**महासमुंद।** आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बुक स्कैनिंग कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर राकेश कुमार पांडेय ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के प्रतिवेदन के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) के तहत मनबोध नंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर के निर्देश पर बुक स्कैनिंग कार्य की समीक्षा के लिए सहायक संचालक उषा किरण खलखो एवं सुरेखा थानथराट द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना एवं संकुल समन्वयक बसना के साथ संयुक्त रूप से संकुल केंद्र भूकेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक मनबोध नंद मूल पद शिक्षक शापूमा शाला पौसरा विकासखंड बसना द्वारा पुस्तक वितरण में चार दिवस की देरी एवं 08 विद्यालयों में कार्य प्रारंभ न होने की स्थिति पर संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही 25 जून को आयोजित गूगल मीट बैठक में भी वे अनुपस्थित रहे। पाठ्यपुस्तकों की डिलीवरी 21 जून को प्राप्त होने के बावजूद वितरण 25 जून को करने, स्कैनिंग कार्य में लापरवाही तथा विभागीय दिशा-निर्देशों की अवहेलना को गंभीर कदाचार एवं अनुशासनहीनता मानते हुए उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-03 के प्रतिकूल पाया गया। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा तथा उनका मुख्यालय कार्यालय विखं शिक्षा अधिकारी मगरलोड जिला धमतरी नियत किया गया है।

खबर संक्षेप



## बागबाहरा भगवान जगन्नाथ का दर्शन

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा में भगवान जगन्नाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना की।

### योजना: सोलर पॉवर से बदली जिंदगी: अब बिजली बिल से पूरी तरह मुक्ति

# पर्यावरण के लिए भी लाभप्रद है सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : पाणीग्रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र एवं राज्य सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ने न सिर्फ लोगों के बिजली बिल के खर्च को शून्य किया है, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाया है। इस योजना के माध्यम से लोग न केवल ऊर्जा के खर्च से मुक्त हो रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब वे हर माह बिजली बिल भुगतान की झंझट से मुक्ति पा चुके हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अभी तक 142 सोलर कनेक्शन सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं।

महासमुंद के कौशिक कॉलोनी निवासी एवं रिटायर्ड बैंक मैनेजर लक्ष्मीकांत पाणिग्रही ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 6 किलोवाट का रूफटॉप सोलर प्लांट लगाया है। इस प्लांट की कुल लागत लगभग 3.15 लाख रुपए आई, जिसमें से 78,000 रुपये की



सब्सिडी उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से प्राप्त हुई। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया, पहले हर महीने मुझे सामान्य दिनों में 6,000 रुपये और गर्मियों में 12,000 रुपये तक का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, लेकिन अब मेरा बिजली बिल शून्य आ रहा है। यह योजना न सिर्फ बचत करवा रही है, बल्कि पर्यावरण की भी रक्षा कर रही है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड निवासी एवं शिक्षिका ज्योति विश्वास ने भी 3 किलोवाट का सोलर पैनल अपने घर की छत पर स्थापित किया। उन्होंने बताया सोलर पैनल लगते ही सिर्फ 15 दिनों में मेरा बिजली बिल शून्य हो गया। पहले हर महीने 3,000 रुपए तक का बिल आता था, अब बिजली बिल की कोई चिंता नहीं है। साथ ही 24 घंटे निर्बाध बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से मुझे न सिर्फ मासिक बिजली बिल से मुक्ति मिली, बल्कि बारिश के दिनों में होने वाली आपदा की स्थिति में बिजली बंद की चिंता भी खत्म हो गई है।

विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना के तहत, 142 परिवार न सिर्फ ऊर्जा बचा रहे हैं, बल्कि अपनी जीवनशैली में भी बड़ा बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पंजीयन कार्य जारी है। उल्लेखनीय है कि सोलर प्लांट को विद्युत ग्रिड से जोड़ा जाता है। यदि उपभोक्ता जरूरत से अधिक बिजली पैदा करता है, तो अतिरिक्त बिजली ग्रिड को सप्लाई कर सकता है, जिससे अतिरिक्त आय भी मिलती है। सरकार द्वारा एक किलोवाट वाले प्लांट पर 30 हजार रुपए सब्सिडी, 2 किलोवाट वाले प्लांट पर 60 हजार रुपए सब्सिडी एवं 3 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले प्लांट पर 78,000 रुपए तक की सब्सिडी का प्रावधान है। जो कनेक्शन के लगते ही 15 से 30 दिन के भीतर प्राप्त हो जाता है।



## लीना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीता ब्रॉन्ज मेडल

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा स्कूल में कक्षा 9वीं में अध्यनरत लीना पटेल अंडर-14 बालिका वर्ग कुरास राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में किया गया था। लीना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। लीना की इस उपलब्धि में उनकी व्यायाम शिक्षिका अंजू प्रजापति, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज घृतलहरे तुसदा स्कूल के प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम समेत शाला के समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



## बारिश होने से किसानी कार्य में आई गति

**नर्रा।** मानसून सक्रिय होने से क्षेत्र में अच्छी बारिश हो रही है जिससे इससे गर्मी और उमस से राहत मिलने के साथ खरीफ फसल खेती किसानी धान बोआई का कार्य में भी गति आई है। अच्छी बारिश से किसानों चिंता घटी है और लोगों को । दिन में हवा के साथ मौसम अनुकूल हो गया है। ज्ञात हो कि अभी भी कुछ किसान मताई कर लइहारा पद्धति से बोआई करने के लिए अच्छी बारिश की इंतजार है। देखा जाए तो अभी भी किसानी कार्य के लिए पर्याप्त बारिश नही है।



## खरोरा में निकाली गई रथयात्रा

**महासमुंद।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा राम मंदिर खरोरा से धूमधाम से निकली गई। रथ को गाजे बाजे के साथ गांव में घुमाया गया। जहां भक्तों ने दर्शन किए। संतोष महाराज ने बताया कि इस दिन भगवान जगन्नाथ का दर्शन से शुभफल मिलता है। मान्यता है कि रथयात्रा में शामिल होने व रथ खींचने से भविष्य में आने वाली कठिनाई से मुक्ति मिलती है। भगवान कृष्ण के अवतार भगवान जगन्नाथ ने विश्व में पारिवारिक मिलन की मिसाल पेश की। जिसके लिए राम मंदिर परिषद में सुबह भगवान को स्नान कराकर श्रृंगार से सजा कर दोपहर तीन बजे रथ में विराजित कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। रथयात्रा गांव खरोरा के चौक स्थल से होकर गुजरे। रथ यात्रा पर्व को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, समिति के सदस्य द्वारा दयालु, ऋषि, संतन, कौशल, झमन, दिनेश, कृष्णा, संजय, निर्मल, कलिंदरी, हुलसी, ममता, प्राची, दुलारी, दिनेश्वरी, गीता, चंद्रिका, दुर्गा, दिव्या, हेमलता, कौशल्या, मिथिला, त्रिवेणी आदि मौजूद रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र पर विवाद, छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की सक्रियता से विभाग ने दी सफाई

**महासमुंद।** जिले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी एक पत्र ने शिक्षा जगत में विवाद खड़ा कर दिया। पत्र में प्राचार्यों के नियंत्रण वाली शालाओं में एक ही केम्पस की हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों में व्याख्याता की कमी को प्राथमिक/ माध्यमिक के शिक्षकों से शिक्षण व्यवस्था कराने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा गया था जिस पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 249 ने इसे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के दिशानिर्देशों का उल्लंघन बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज किया था। संगठन की सक्रियता के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कोई आदेश नहीं, बल्कि स्वैच्छिक सहयोग की अपील थी। संघ के अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा ने कहा कि पत्र एनसीटीई की 23 अगस्त, 2010 की अधिसूचना के अनुसार, डीएड धारी शिक्षक केवल कक्षा 1-8 के लिए योग्य हैं, जबकि हाई/हायर सेकंडरी स्तर के लिए बीएड और स्नातकोत्तर योग्यता आवश्यक है। हाईकोर्ट ने भी आदेश दिया था कि डीएड धारक प्राथमिक और बीएड धारक उच्चतर स्तर के लिए पात्र हैं। संगठन ने पत्र को हाईकोर्ट आदेश की अवमानना मानकर जिला शिक्षा अधिकारी से आदेश वापस लेने की मांग की थी। जवाब में, जिला शिक्षा अधिकारी ने पत्र के माध्यम से कहा कि कुछ स्कूलों में व्याख्याताओं की कमी के कारण यह अपील की गई, जो अस्थायी है। उन्होंने जोर दिया कि यह बाध्यकारी निर्देश नहीं है और एनसीटीई /हाईकोर्ट नियमों का उल्लंघन करने का इरादा नहीं था। संघ के सचिव अनिल कोसरिया ने स्पष्टीकरण का स्वागत किया, लेकिन स्पष्ट किया कि शिक्षकों पर दबाव न डाला जाए। उन्होंने कहा, हाई स्कूलों में रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती जरूरी है, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे। युक्तियुक्तकरण के बावजूद शिक्षकों की कमी बरकरार है जो इस नीति की असफलता को उजागर करता है। अभिभावक त्रिलोक ने कहा, हाई स्कूल में बीएड व स्नातकोत्तर धारी विशेषज्ञ शिक्षकों की जरूरत है। गैर-योग्य शिक्षकों से पढ़ाई बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुक्रवार को आस्था और उल्लास के साथ शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलदेव व देवी सुभद्रा को प्रातः शुभ मुहूर्त में शाही स्नान कराकर मुकुट, मोर पंख, रंगबिरंगे आभूषणों, श्रृंगार से सजाया गया। साथ ही रथ को भी आकर्षक का केंद्र बनाया गया।

पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि आज से भगवान जगन्नाथ लोक कल्याण के लिए भ्रमण यात्रा पर निकले हैं। वह अपने भक्त प्रेमी से मिलेंगे। उनकी झलक प्राप्त करने वालों को भगवान की कृपा प्राप्त होती है। भगवान अपने भक्तों की पीड़ा हरने के लिए पृथ्वी



पर आए थे। विधि विधान से परंपरागत भगवान के रथ को खींचने से जीवात्मा को मुक्ति मिलती है। भगवान जगन्नाथ का रथ शोभायात्रा शाम 4 बजे गाजे बाजे के साथ रथ में विराजित भगवान की यात्रा प्रारम्भ किया गया। महिलाओं ने रथ यात्रा स्वगत के लिए आंगन में रंगोली सजाई। जगह जगह पूजा आरती व पुष्प से स्वागत कर नारियल भेंट किया। शोभायात्रा मेन चौक से होकर गाजेबाजे व भजन कीर्तन के साथ निकाली। गुड़ी चौक से होते हुए साहू पारा, खल्लारी पारा व बाजार चौक में भक्तों का जनसैलाब भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए टूट पड़ा। मेला स्थल से गुजरने पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने परम्परागत ढंग से रुमाल देकर प्रसाद पाया। भक्ति गीतों पर पुरूष के साथ महिलाएं व बच्चे भी उत्सव मनाते नजर आए। प्रभु जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम के रथ खींच कर भक्त में पुण्य के भागी बने। हरे कृष्ण, हरे राम, जय जय श्रीराम, भगवान जगन्नाथ की जय के भक्तिमय गीत गूंजायमान रहा। शुक्रवार को रात्रि 8 बजे रथ को विश्राम गृह के लिए ग्राम के भक्त के निवास में रखा गया है। शनिवार को यात्रा की शुरुआत की जाएगी। यात्रा का समापन चौथे दिवस को रामजानकी मंदिर में किया जाएगा।



## भाजपाइयों ने मनाया संविधान हत्या दिवस

**महासमुंद।** सरायपाली विधानसभा के बलोदा मंडल के ग्राम पंचायत कसडोल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्र भारत के लोकतंत्र के काले अध्याय के रूप में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ (संविधान हत्या दिवस) को याद करते हुए सामान्य सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में छत्तर सिंह नायक (वरिष्ठ नेता), संजय शर्मा (जिला महामंत्री भाजपा महासमुंद), कुमारी भास्कर ( सभापति जिला पंचायत महासमुंद) मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता बिहारीलाल अग्रवाल ( वरिष्ठ भाजपा नेता), मंत्री प्रधान, विजय प्रधान, राजकुमार पटेल (महामंत्री), गिरीश साहू (महामंत्री), राजकुमार भोई, नरेश तिवारी, सौमित्री साहू, उद्धव नंद (जनपद सदस्य),ग्राम पंचायत कसडोल सरपंच पदमिनी मांझी, दीनता कुमार (जनपद सदस्य), शिवानी सिदार(जनपद सदस्य), शंकर भोई आदि उपस्थित रहे।

# नगर आगमन पर डिप्टी सीएम का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के महासमुंद आगमन पर स्थानीय बरोंडा चौक में स्वागत फूलमाला से किया गया। स्वागत करने वालों में छग कृषि एवं बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद्र राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, डॉ. एन के अग्रवाल सरायपाली, पार्षदगण माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, भाजपा शहर महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, पूर्व पार्षद महेंद्र जैन, हनीष बग्गा, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, लालविजय सिंग, अजय चोपड़ा,



परमानंद साहू, नंदू जलक्षत्री, महेंद्र सिक्का, गौरव राठी सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। सर्किक हाउस में नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नगर विकास को लेकर चर्चा की एवं शहर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर ज्ञापन सौंप कर बजट जारी करने का आग्रह किया। राठी ने मंत्री से कहा कि 2 करोड़ 68 लाख रुपए की अधोसंरचना मद की राशि सीसी रोड नाली के लिए जारी किया था, जिसका टेंडर वर्क आउट पुरानी परिषद में हो चुका है तथा आपके द्वारा 50 लाख राशि जारी हो चुकी है जिसमें निर्माण संबंधी कार्य भी हुए है। शेष राशि अभी तक नहीं आयी इस कारण निर्माण कार्य रूके हुए है। राशि जारी करने का आग्रह किया गया। मंत्री अरूण साव ने कहा कि 50 लाख के जो काम निर्माण के हुए है उसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट देखकर शेष राशि तत्काल जारी कर देंगे। बाकि, शहर विकास के लिए आश्वासन दिया गया। मंत्री से प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमों को शिथिल करने का भी ज्ञापन दिया गया। इसके लिए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से चर्चा जारी है।



## परसुली में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**नर्रा।** शासकीय बूढ़ादेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसुली में शुक्रवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य लोचन पटेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद राम चक्रधारी अध्यक्ष शाला विकास समिति ने की। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, सरपंच जलसिंग चक्रधारी परसुली एवं विकास समिति के सदस्य बुधारू ढीढी, लालसिंह तांडी, सरस्वती साहू, सलिता पांडे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चन कर शुरूआत की गई। इसके बाद अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं का तिलक व मुंह मीठाकर प्रवेश कराकर एवं पाठय पुस्तक प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पटेल ने बच्चों को शाला नियमित आने और मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य मुकेश चंद्र टांडिल्य समेत शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन विद्यालय के व्याख्याता नागेंद्र दीवान ने किया।

# रासायनिक खाद एवं बीज की किल्लत को लेकर कांग्रेस करेगी धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में किसान खरीफ फसल की तैयारी प्रारंभ कर चुके हैं। मगर, राज्य सरकार किसानों को खाद बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित नहीं कर पा रही है। सहकारी समितियों में खाद एवं बीज की उपलब्धता कम होने के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को हो रही इस समस्या को लेकर कांग्रेस संगठन गंभीर है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेशभर के सहकारी समितियों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष के निर्णय अनुसार जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने महासमुंद जिला अंतर्गत धरना प्रदर्शन करने के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की है। प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ब्लॉक स्तर पर यह प्रदर्शन पूरे दम-खम के साथ हो। साथ ही रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि हम धरना/प्रदर्शन करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो, इसके लिए किसानों को भटकने की आवश्यकता ना पड़े। खाद एवं बीज की किल्लत को लेकर सोसाइटी घेराव के लिए ब्लॉक वार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रभारियों महासमुंद शहर अजय नंद, महासमुंद ग्रामीण गणेश शर्मा, झलप पटेवा ब्लॉक सुरेंद्र वैष्णव, खल्लारी ब्लॉक प्रदीप चंद्राकर, बागबाहरा शहर एडवोकेट भरत ठाकुर, कोमाखान ब्लॉक हुलास गिरी गोस्वामी, पिथौरा ब्लाक द्रोण चंद्राकर, सांकरा ब्लॉक अरविंदर सिंह छाबड़ा, बसना ब्लॉक राजेश जैन, भंवरपुर ब्लॉक मंजीत सलूजा, सरायपाली शहर मुकेश यादव, सरायपाली ग्रामीण इस्तियाक खैरानी, छुईपाली ब्लॉक मंदाकिनी साहू शामिल है।

## कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** हास्य व्यंग्य कविताओं के कुशल चितेरे, सुप्रसिद्ध कवि पदमश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन पर स्थानीय साहित्य समिति आस्था के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त कर संवेदना प्रकट की है। संवेदना सभा में सदस्यों ने उनके सरल, सहज हंसमुख स्वभाव के साथ उनके व्यक्तित्व तथा साहित्यिक योगदान की चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि उनका न होना, हास्य व्यंग्य साहित्य में बड़ी क्षति है। उनका सानिध्य मुझे दो बार प्राप्त हुआ। एस चंद्रसेन ने कहा कि डॉ. सुरेंद्र दुबे, छत्तीसगढ़ी व हिंदी के कुशल हास्य व्यंग्य कवि थे। सदस्यों ने कुछ क्षण मौन प्रार्थना कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा में डॉ. साधना कसार, सरिता तिवारी, केआर चंद्राकर, सुरेंद्र अग्निहोत्री, कमलेश पांडेय तथा टेकराम सेन उपस्थित थे। कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय कवि और राष्ट्रीय मंचों में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि कवि डॉ सुरेंद्र दुबे का आकस्मिक निधन को अत्यंत दुखद बताते हुए कवि, व्यंग्यकार एवं साहित्यकार ईश्वर शर्मा ने कहा कि कुछ आंचलिक सम्मेलनों में उनके साथ रचना पाठ का अवसर मिला। दुबे को शामिल करते हुए तीन-चार सम्मेलनों का संयोजन भी करने का मौका मिला है। अपने वाक चातुर्य और जिंदादिली से वे सहज ही श्रोताओं को अपनी रचनाओं से जोड़ लेते थे। आंचलिक भाषा, मुहावरों पर उनकी पकड़ और तात्कालिक टिप्पणियों की महारत ने उन्हें बहुत लोकप्रिय बनाया।

## फरार तोमर भाइयों का पता बताने वाले को मिलेगा पांच हजार इनाम

**रायपुर।** सूदखोरी, अवैध वसूली, मारपीट सहित कई गंभीर धाराओं में फरार बदमाश वीरेंद्र तथा रोहित तोमर की सूचना देने वाले के लिए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने पांच हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस को आशंका है कि फरार बदमाश फरारी के दौरान किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसीलिए उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने इनाम की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार रोहित तोमर के खिलाफ पिछले महीने एक कारोबारी ने तेलीबांधा थाने में मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति ने वीरेंद्र, रोहित तथा उनके एक भतीजा के खिलाफ दिए गए कर्ज के मूलधन से ज्यादा की रकम ब्याज के रूप में वसूलने के साथ पैसा नहीं देने पर जान से मारने सहित धमकी देने की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में पांच जून को रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक/254/वा-1/अविअ./2025
महासमुंद, दिनांक 20/6/2025
ग्राम-भलेसर, प.ह.नं. 43

टिकेश्वर सिन्हा पिता रोहित, जाति कलार
निवासी ग्राम भलेसर
तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.)
विरुद्ध ...आवेदक
छ.ग. शासन ...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-भलेसर, प.ह.नं. 43 तहसील व जिला महासमुद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक टिकेश्वर सिन्हा पिता रोहित, जाति कलार निवासी ग्राम भलेसर तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा ग्राम भलेसर, प.ह.नं. 43 तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 415 रकबा 0.070 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुननिर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन -कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत्त आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत्तः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 20/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द

# शिक्षा के लिए समाज की भागीदारी महत्वपूर्णः डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के अधिकारी कर्मचारी शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा बागबाहरा में ब्लॉक स्तरीय 10वीं-12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने की। कैरियर मार्गदर्शन डॉ ईपी चेलक सहायक प्राध्यापक शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय, मनोज घृतलहरे जिला क्रीड़ा अधिकारी, अंजली बरमाल सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग, रामता डे मन्नाडे एबीईओ द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि तरुण व्यवहार जनपद उपाध्यक्ष, दिनेश बंजारे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष यूथ, रेखराज बघेल जिला सचिव, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, घनश्याम जांगड़े जिला कार्यकारिणी सदस्य, चिंता साय ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा, डोमन टंडन प्राचार्य एवं सरंक्षक, केवल टंडन पूर्व बीआरसीसी, ब्लॉक अध्यक्ष चित्र



कुमार भारती महासमुंद, तरुवर कोसरिया पिथौरा, श्यामलाल बारिक सरायपाली, बाबूलाल कुर्रे बसना व विशेष आमंत्रित अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म नायिका मंजिमा शांडिल्य व धमतरी के युवा चेहरा कोमल संभाकर रहे। पालकों व छात्रों को कैरियर मार्गदर्शकों द्वारा 10वीं के बाद विषय चयन व 12वीं के बाद कौन कौन सी पढ़ाई करें, जिससे रोजगार के अवसर मिलें। निजी व सरकारी क्षेत्रों में नौकरी के अवसरों के बारे में जानकारी दी।

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा के विकास के लिए समाज की भागीदारी जरुरी बताया। संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के कहे बातों को स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है, जो पीयेगा वो दहाड़ेगा। इसलिए समाज में शिक्षा को अधिक महत्व दें और आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्रों को सहयोग करें। जिला में पे बेक सोसायटी के कार्यों की सराहना करते हुए समाज के विकास के लिए टाइम, टैलेंट, ट्रेजरी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विजय बंजारे ने संगठन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो से अवगत कराया। जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने युवाओं को नशापान से दूर रहने की अपील की। दिनेश बंजारे ने अधिकारी-कर्मचारी को समाज की रीढ़ की हड्डी बताते हुए समाज के लिए आगे आने की निवेदन किया। मंजिमा शांडिल्य ने कला के क्षेत्र में कॅरियर पर बात रखी व कोमल संभाकर ने युवाओं को छोटे छोटे कार्य एजेंसियों पर ठेकेदारी करने की सलाह दिया। रेखराज बघेल व राजेश रात्रे ने भी संबोधित करते हुए छात्रों को प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### बास्केटबाल खिलाड़ी दिव्या का सम्मान

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्र.10 इमलीभाठा निवासी दिव्या रंगारी ने भारतीय बास्केट बाल टीम का प्रतिनिधि करते हुए अंडर 16 एशियन इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में श्रीलंका को हराकर स्वर्णपदक दिलाने पर उनके ईमलीभाठा निवास पहुंचकर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नपा नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद नानू भाई, वार्ड क्र. 10 पार्षद माखन पटेल, पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, कल्पना सूर्यवंशी, भाजपा शहर मंत्री मीना वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकरी सुजाता विश्वनाथन, भाजपा नेता हनीष बग्गा, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, खिलावन यादव, समीर करकसे, एम सिक्का, वर्षा चंद्राकर ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। इन्होनें कहा कि भारत की ओर से छत्तीसगढ़ के तरफ से केवल एक दिव्या रंगारी ने प्रतिनिधित्व कर छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद का गौरव बढ़ाया है।

### इंदौर भ्रमण से लौटीं महापौर मीनल चौबे ने मीडिया से साझा किए अनुभव

# शहर में लाएंगे आत्मनिर्भर वार्ड का कांसेप्ट, नालियां होंगी कवर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इंदौर शहर में 2 दिवसीय अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम से लौटकर महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को मीडिया से अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा, रायपुर शहर को इंदौर की तरह साफ-सुथरा बनायेंगे।

शहर की खुली नालियों को शत-प्रतिशत कवर्ड किया जायेगा, ताकि लोग नालियों में कचरा न फेंक सकें और बरसात में नाले-नालियां जाम न हों। इसकी शुरुआत हम एक वार्ड से करेंगे। महात्मा गांधी सदन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए महापौर मीनल चौबे ने कहा कि इंदौर में हमने देखा कि वहां ज्यादातर नालियां कवर्ड हैं। इससे नालियों में कचरा नहीं जाता। वहां एक भी मच्छर नहीं है। यहां पर खुली नालियां होने से मच्छर भी पनप रहे हैं और लोग नालियों में कचरा डालने से नहीं चूकते। इससे नालियां जाम हो जाती हैं और बारिश के समय नाले-नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। इसीलिए हम यहां कुछ करना चाहते हैं। यहां की नालियों को वार्ड वाइज कवर्ड किया जायेगा।

अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि इंदौर में एक ऐसा वार्ड भी है, जहां के लोग अपने यहां निकलने वाले कचरे का प्रबंध अपने ही वार्ड में करते हुए उस कचरे से खाद बनवा रहे हैं। इसे उन्होंने आत्मनिर्भर वार्ड का नाम दिया है, यह हमें अच्छा लगा, इस कंसेप्ट को रायपुर शहर में लाएंगे। सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से अवगत कराने स्वयंसेवी संस्था की महिलाओं को जिम्मा दिया जाएगा।



### वार्ड मैप प्लान तैयार किया जा रहा

पत्रकारों से चर्चा करते हुए महापौर मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर नगर निगम वर्तमान आउटसोर्सिंग के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन करेंगे जो ठेका कंपनियों के कार्यों की नियमित निगरानी करेगी। नगर निगम के प्रत्येक जोन में नए कचरा ट्रांसफर स्टेशन, सेकंडरी कलेक्शन पाइंट के लिए सर्वे कर शासन से राशि की मांग की जाएगी, ताकि शहर में व्यवस्थित तरीके से कूड़ा का प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने बताया कि शहर का वार्ड मैप प्लान तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड के नाला-नाली, सड़क, उद्यान, तालाब, शासकीय भवन, सामुदायिक भवन, बीएसयूपी परिसर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रसाधन व्यवस्था के अलावा नगर निवेश विभाग द्वारा स्वीकृत कालोनियों सहित अवैध कालोनियों की जानकारी वार्ड मैप में दी जाएगी। यह कार्य वास्तुविदों के माध्यम से वार्ड पार्षदों से समन्वय बनाकर जोन अभियंताओं की टीम द्वारा किया जा रहा है। वार्ड डेवलपमेंट प्लान और सिटी डेवलपमेंट से शहर का समग्र विकास करने में आसानी होगी।

## सभापति सूर्यकांत ने अधिकारियों को वार्ड निरीक्षण, सफाई व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

**रायपुर।** नगर निगम सभापति एवं जोन 2 के पदेन अध्यक्ष सूर्यकांत राठौड़ ने गुरुवार को जोन कार्यालय में वार्ड पार्षदों और अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक ली। सभापति श्री राठौर ने जोन के अधिकारियों को पार्षदों के साथ प्रतिदिन वार्डो का निरीक्षणकर सफाई व्यवस्था सुधारने निर्देश दिए हैं।

बैठक में मौजूद पार्षदो से उन्होंने अपील की कि वे अपने वार्डो को साफ-सुथरा रखने वार्ड का निरीक्षण नियमित रूप से करते रहें। अधिकारियों से समन्वय बनाकर व्यवस्था सुधारने का कार्य करवाये। सभापति ने जोन के सभी वार्डो में बारिश सीजन में स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सुचारू बनाने निगम मुख्यालय विद्युत विभाग को आवश्यक प्रस्ताव देकर कार्यवाही जनहित में करने के निर्देश दिये।



सूर्यकांत राठौड़ ने कार्यादेश के बाद भी स्वीकृत विकास कार्य वार्डो में पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अनुबंधित ठेकेदार को अंतिम नोटिस देकर कार्य नहीं करने पर नियमानुसार ठेका निरस्त करने संबंधी निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। सभापति ने जोन 2 के 7 वार्डों के सभी खाली भूखण्डो के स्वामियों को नोटिस देकर उनसे उनके व्यय पर खाली भूखण्ड में शीघ्र बाउंड्रीवाल बनवाने की हिदायत दी, ताकि खाली भूखण्ड में लोग कचरा व गंदगी ना डाल सकें। नगर निगम राजस्व विभाग को संपत्तिकर अदा ना करने वालो को निगम जोन 2 क्षेत्र में सूचीबद्ध कर उन्हें शीघ्र निगम को संपत्तिकर का भुगतान करने की समझाइश देने की हिदायत दी। बैठक में निगम के एमआईसी सदस्य महेन्द्र खोडियार,अवतार- भारती बागल, पार्षद खगपति सोनी, रामहिन कुर्रे, कृतिका जैन, शेख मुशीर, जोन 2 कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पी.डी घृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया सहित संबंधित जोन अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिरकोनी में शाला मनाया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में ग्राम पंचायत बिरकोनी के सरपंच चंदन चंद्राकर की अध्यक्षता एवं दाऊ जगदीश प्रसाद चंद्राकर, मुकेश कोसले, तुलस राम साहू, रामाधार यादव, पूरन साहू, शत्रुघन यादव एवं प्राचार्य करण सिंह सोरी के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नवमी एवं दसवीं के बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर, ग्रंथपाल सुरेश कुमार गुप्ता के सहयोग से पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। इसके पश्चात सरपंच चंदन चंद्राकर ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बच्चों को नियमित विद्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा।

दाऊ जगदीश प्रसाद चंद्राकर ने बच्चों को अनुशासन का पालन करते हुए गंभीरता से पढ़ाई करने के लिए कहा। प्राचार्य करण सिंह सोरी द्वारा बच्चों को नियमित विद्यालय आने एवं अनुशासन में रहते हुए अध्ययन करने के लिए कहा गया। आभार प्रदर्शन सीआर अग्रवाल एवं कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी लक्ष्मण मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात शाला विकास समिति की बैठक रखी गई। कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करें बच्चे : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय में 26 जून को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। अन्य अतिथियों में पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, पूर्व सभापति जिला पंचायत अमर चंद्राकर, मुन्ना साहू, शिक्षकगण, हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, गोविंद सिंहा आदि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष साहू ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने, माता पिता, गुरु जनों का सम्मान करने तथा प्रतिदिन स्कूल आने प्रेरित किया। इस अवसर



पर मुख्य अतिथि साहू समेत समस्त अतिथियों ने बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक का वितरण किया। साथ ही एक दियांग बालक को ट्रायसिकल प्रदान किया।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का आपातकाल दिवस पर विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी टीम द्वारा समय-समय पर जनहित में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। रेडक्रॉस दिवस, रक्तदान दिवस, पर्यावरण दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जैसे आयोजनों की श्रृंखला में इस बार 25 जून को आपातकाल दिवस के रूप में मनाते हुए संविधान की हत्या दिवस के नाम से एक जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर नागरिकों को संविधान में निहित अधिकारों एवं कर्तव्यों की महत्ता से अवगत कराने के लिए विद्यालयीन स्तर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



किया गया। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा अनेक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। इसमें पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति, नाटक एवं लघु फिल्म प्रदर्शन, विद्यालय की तिरंगा रैली निकाली गई। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय में देशप्रेम, सेवा, कर्तव्यों की भावना तथा संविधान की गरिमा के प्रति सम्मान का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एसएल पाटकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष किसनू निर्मलकर, सभी व्याख्याता तथा शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, विजय तिवारी, आराधना साहू, अमृता कौर, पीएल साहू, माहेश्वरी साहू, कुंती दीवान, तारिणी कहार, गंगा बंजारे, जे गुंबर, एस चंद्राकर, एसडी मानिकपुरी, पी सिंहा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती, मनीष साहू, विनोद वर्मा, एस सोनी, एस सागर, चेष्टा रॉय, रुक्मणि साहू, जागेश्वरी गोस्वामी एवं आकांक्षा पात्रे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम प्रभारी किरण पटेल ने कार्यक्रम को संचालित किया।

## अरंड में धूमधाम से मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम अरंड में माता पहुंचनी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गांव के शीतला मंदिर में पहुंचकर ग्रामवासियों ने विशेष पूजा अर्चना की। इसके पूर्व जस गीत के साथ नगर भ्रमण किया गया। गलियों से होते शीतला मंदिर पहुंचे। ग्राम के बैगा विश्वनाथ ध्रुव ने माता शीतला की पूजा अर्चना कर ग्राम में सुख शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान सरपंच डिगंम्बर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, गंगाधर निर्मलकर, प्रीतम पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, दीनबंधु पटेल, रोहित कुमार पटेल, दिनेश दुबे, हेमलाल ध्रुव, हेम सिंह साहू, समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बिरकोनी में मनाया माता पहुंचनी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

- सुबह से ही शीतला मंदिर में पहुंचते रहे श्रद्धालुजन

ग्राम बिरकोनी में गुरुवार को माता पहुंचनी का पर्व मनाया गया। प्रातः छः बजे जलाभिषेक कर श्रृंगार से सजाया गया। शीतला मंदिर में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए पहुंचते रहे। दिनभर माता के जयकारों से गूंजायमान रहा। सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की



कामना की। दोपहर 3 बजे से ठंडई का छिड़काव किया गया। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार माता पहुंचानी के दिन भक्त मंदिर पहुंचकर छोटी माता, गलवा माता और बड़ी माता जैसे संक्रमित रोगों से निजात पाने के साथ ही परिवारिक सुख शांति की मनोकामना की। धान फसलों में भी ठंडाई का छिड़काव किया गया। यहां महिलाओं द्वारा श्रृंगार के साथ चावल, चना दाल, हल्दी,मिर्ची, नीम पत्ता, फूल, नारियल आदि चढ़ाया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक ग्राम के मंडलियों ने जसगीत, सेवागीत प्रस्तुत किया गया।

### खल्लारी विधानसभा के हजारों लोगों की मांगों का सौंपा ज्ञापन : अंकित

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि बागबाहरा रेलवे से संबंधित हजारों निवासियों व रेलवे यात्रियों की स्थाई सुविधा के लिए



आज बागबाहरा स्टेशन मास्टर को डीआरएम संबलपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। अंकित ने बताया कि लगातार आम जन और यात्रियों से चर्चा से जो अति आवश्यक मांगे सामने आ रही थी, उस पर आज ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य मांग इस प्रकार है कि बागबाहरा स्टेशन महासमुंद जिले का दूसरा बड़ा स्टेशन है, उसके बावजूद यहां मूलभूत सुविधावों की अत्यंत कमी हैं, जिसे जनहित में करवाना अत्यंत आवश्यक है। रावण भांटा मैदान व पउमा शाला के साथ साथ बागबाहरा वार्ड 15 में लगे रेल्वे क्रासिंग व गेट के दोनों ओर शेड निर्माण की आवश्यकता हैं, क्योंकि गेट बंद होते पश्चात बरसात व धूप में राहगीर, छात्र-छात्राएं निवासी भीगते हुए व धूप ने खड़े होने मजबूर है। प्लेट फॉर्म क्रमांक 2 में शेड निर्माण की आवश्यकता है। प्लेट फॉर्म क्रमांक 2 में सुरक्षा घेरा एवं बाउंड्री वाल की आवश्यकता है। प्लेट क्रमांक 1 व 2 में डिस्प्ले बोर्डे/ बोगी क्रमांक दिखाने वाला बोर्ड लगवाना आवश्यक है। सीसी टीवी कैमरे सौर बढाने की आवश्यकता है। उपरोक्त मांगों को यात्री हित में व जनहित में तत्काल स्वीकृत किए जाने पर जोर दिया गया, जिस पर स्टेशन मास्टर द्वारा समस्त मांगों से तत्काल डीआरएम को अवगत करवाने का आश्वासन दिया। इस समय अंकित बागबाहरा के साथ बजरंगी यादव, अरिहंत जैन, अशोक साहू, एएस छाबड़ा, यू खान, कमल किशोर, विष्णु आदि उपस्थित रहे।



## प्रयास एवं एकलव्य विद्यालय के लिए 5 छात्रों का चयन

**झलप।** झलप क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्रों का चयन प्रयास एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय में हुआ है। जिससे विद्यालय प्रबंधकों और स्थानीय नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। सरस्वती शिशु मंदिर झलप के प्रधानाचार्य हेमन्त कुमार पंडा ने बताया कि एकलव्य विद्यालय भोरिंग में कक्षा 6वीं के लिए 2 छात्रों का चयन हुआ है। इसमें अंश सांवरा पिता हरिशचंद्र सांवरा एवं धर्मेंद्र दीवान पिता रविलाल दीवान शामिल है। इसके अलावा संस्था के 2 छात्राओं का चयन कक्षा 9वीं में प्रयास विद्यालय के लिए हुआ है, इसमें श्रद्धा जागृति पिता धनीराम जागृति बरभाठा निवासी एवं कोकिला रानी साहू पिता राजेंद्र प्रसाद साहू टूरीडीह निवासी है। झलप से सटे ग्राम लखनपुर निवासी खिलावन जोशी के बच्ची वाणी जोशी का भी चयन कक्षा 9 के लिए प्रयास विद्यालय में हुआ है, वो सरकारी माध्यमिक विद्यालय लखनपुर की छात्रा थी। झलप क्षेत्र के बच्चों की सफलता पर झलप पंचायत के पंच शम्मी सलूजा, सीटू सलूजा, कीर्ति कोसरिया और लखनपुर के उपसरपंच कमल कौशिक ने हर्ष जताया है।

### निधन

#### सीएल साहू



**महासमुंद।** शासकीय डीएमएस उच्च माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में पदस्थ व्याख्याता सीएल साहू (चंदूलाल साहू) का 27 जून शुक्रवार को 11 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बोरिद आरंग जिला रायपुर में किया गया। वे मंजू देवी साहू के पति, रोशन साहू एवं रुपेश साहू के पिता थे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## आपातकाल की त्रासदी कांग्रेसियों के चिल्लाने से छिप नहीं सकती : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- इंदिरा ने सत्ता बचाने नीजि स्वार्थ के लिए पूरा देश को दी आपातकाल की पीड़ा
- कांग्रेस के अतीत की काली सच्चाई सामने आने से कांग्रेसियों में बौखलाहट

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि 1975 में इंदिरा सरकार द्वारा देश पर निजी स्वार्थ के लिए जो आपातकाल थोपा गया था। वह देश के इतिहास में सबसे बड़ा काला दिन है। अपनी सत्ता बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने देशवासियों को आपातकाल की त्रासदी में धकेल दिया था। आज आपात काल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर देश का हर नागरिक इस दिन को याद कर कांग्रेस की काले कारनामों पर आक्रोशित नजर आ रहे हैं। आपातकाल वह दिन है, जिसे जनता को बताने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस के तानाशाही पूर्ण काले इतिहास के पन्ने आज परत-दर-परत जब खुल रहे हैं, तो कांग्रेसियों में बौखलाहट दिख रहा है। कांग्रेस के काले इतिहास को छुपाने कांग्रेस के नेता आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल को आपातकाल की संज्ञा देने का कुंठित प्रयास करने से भी पीछे नहीं हट रहे। देश यह जानता है कि कांग्रेस ने कभी संविधान का सम्मान नहीं किया। बल्कि 65 साल के सत्ता में समय-समय पर संवैधानिक मूल्यों का अपमान किया।

देवेंद्र ने कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल लगाने का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था। लेकिन आज उन्हीं इंदिरा गांधी के परिवार के लोग संविधान हाथ में लेकर उसकी दुहाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी ने जिस तरह से न्यायालय और संविधान का अपमान किया आज भी उस परिवार के लोग वही कर रहे हैं। इंदिरा गांधी ने यदि न्यायालय को नीचे दिखाया, लोकतंत्र को कुचला, तो राहुल गांधी देश की संसद द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रतियां सार्वजनिक रूप से फाड़ा।



देवेंद्र ने कहा कि राजनीतिक तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस ने एक परिवार को संविधान से ऊपर रखने का प्रयास किया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी संसद में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां हाथ में लेकर संविधान का रक्षक बनने का नाटक करते हैं। लेकिन उनके हाथ में जो संविधान होता है, उसके अंदर कोई दस्तावेज नहीं होता। कांग्रेस देश की जनता के साथ विश्वासघात करने वाली राजनीतिक पार्टी है, इसलिए आज देश की जनता कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार पर भरोसा नहीं करती। आपातकाल के बाद शाह आयोग बनाया गया था। शाह आयोग की रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा था कि देश में आपातकाल लगाए जाने की कोई संवैधानिक जरूरत नहीं थी। उस समय कांग्रेस पार्टी और उसकी नीतियों का विरोध करने वालों को गोली मार दी गई थी। 1980 के बाद जब केद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो इस रिपोर्ट को ही राजनैतिक षड्यंत्र के तहत नष्ट कर दिया गया। कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना में धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़कर अपनी मंशा देश पर थोपने का कार्य किया। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाने के लिए कैबिनेट की सामूहिक जिम्मेदारी की परंपरा को भी नष्ट किया। अविभाजित मध्यप्रदेश के 8555 लोगों को जेल में ठूंस दिया गया। रायपुर जेल में सैकड़ों बेकसूरों को जबरदस्ती जेल में डाले गए। जिसमें हमारे महासमुंद से भी दर्जनों मीसाबंदी शामिल हैं। जेल के अंदर लोकतंत्र के इन सजग सेनानियों को तरह-तरह की यातनाएं दी गईं। बीमार होने पर उनका इलाज नहीं कराया गया। कई राष्ट्रवादी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यहां तक जिस कलम ने आपातकाल के खिलाफ लिखने की कोशिश की, उसे तोड़ दिया गया। देश के 3800 अखबारों को बंद कर दिया गया और 327 पत्रकारों को जेलों में ठूंस दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता आपातकाल के इस काले सच को जनता तक आ पहुंचा रहे हैं, कांग्रेस के इतिहास की काली सच जनता के सामने आने से कांग्रेसियों में बेचैनी है।

चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान व आपातकाल के विरूद्ध आवाज उठाने वालों को जो यातनाएं दी, उससे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित हुआ। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान पर माथा टेककर संविधान की रक्षा के लिए जो कार्य शुरू किया था, वह अनवरत चल रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के संविधान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मीसाबंदियों का सम्मान, उनके बलिदान व त्याग को सम्मानित करते हुए उन्हें मीसाबंदी पेंशन पुनः शुरू की गयी। जिसे पूर्व के भूपेश सरकार द्वारा दुर्भावना पूर्वक बंद किया गया था। छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के कार्यकाल में मीसाबंदियों सहित गरीब जनता के अधिकारों का भी हनन किया गया। लाखों प्रधानमंत्री आवास जो छत्तीसगढ़ के गरीब जनता को मिलना था, भूपेश सरकार ने उन्हें भी दुर्भावना के चलते रोका। जनविरोधी कार्यों के चलते ही छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को जमीन पर लाकर पटक दिया।

